सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वां तल पी.सी.एफ. भवन, 32–स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Ph. No.: 0522-2630877, Fax No.:0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 530 / सो.आ.नि.–349 / 2014

दिनाँकः 16 दिसम्बर, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट, उ0प्र0,

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः दिनाँक 23 दिसम्बर, 2014 को सम्पन्न होने वाली जिला विकास अधिकारियों की बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

सोशल आडिट प्रगति की समीक्षा हेतु जिला विकास अधिकारियों की बैठक का आयोजन दिनाँक 23 दिसम्बर, 2014 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से सायं 4.50 बजे तक किया जा रहा है। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा होगीः–

1. वित्तीय वर्ष 2013–14 में सम्पन्न सोशल आडिट के संदर्भ में एक्शन टेकेन रिपोर्ट तैयार किया जाना।
2. वर्ष 2014–15 के सोशल आडिट कैलेण्डर के सापेक्ष सोशल आडिट की वास्तविक प्रगति।
3. सोशल आडिट रिपोर्ट को भारत सरकार तथा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की स्थिति।
4. जिला / ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर्स तथा सोशल आडिट टीम के सदस्यों को मानदेय भुगतान की स्थिति एवं देयताएँ।
5. वर्ष 2015–16 में सोशल आडिट हेतु सोशल आडिट टीमों का चयन।
6. वर्ष 2015–16 में सोशल आडिट हेतु कार्ययोजना।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनाँक 23 दिसम्बर, 2014, पूर्वान्ह 10.30 बजे यू0पी0आर0आर0डी0, न्यू बेरी रोड, लखनऊ के सभाकक्ष में प्रतिभाग करने हेतु अपने जनपद के जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक

G:/LP/January2014/Letter